# टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले शीर्ष 10 बल्लेबाजों के नाम और उनके देश की सूची

**टेस्ट क्रिकेट का इतिहास:**

क्रिकेट का इतिहास बहुत पुराना है। अंतरराष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट की शुरुआत साल 1877 में हुई थी। पूरे विश्व में लोकप्रिय हो चुका यह खेल मूल रूप से इंग्लैंड में विकसित हुआ था, जो अब अधिकांश राष्ट्र मंडल देशों में खेला जाता है। टेस्ट क्रिकेट, क्रिकेट का सबसे लम्बा स्वरूप होता है। टेस्ट क्रिकेट का प्रारूप 5 दिन का होता है, जिसमें एक दिन में 90 ओवर फेंके जाते हैं। टेस्ट क्रिकेट में दोनों टीमों को दो-दो बार गेंदबाज़ी और बल्लेबाज़ी का मौक़ा मिलता है।

**टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले देश:**

क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा विश्व के 12 देशों अब तक टेस्ट क्रिकेट खेलने का दर्जा प्राप्त है।आईसीसी ने टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए ने 07 नवम्बर 2017 को लंदन में आयोजित बैठक में आयरलैंड और अफगानिस्तान को 11वें और 12वें देश के रूप में टेस्ट मैच खेलने का दर्जा दिया था।

**टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले देशों की सूची:**

- इंग्लैंड
- आस्ट्रेलिया
- दक्षिण अफ़्रीका
- वेस्ट इंडीज़
- न्युजीलैंड
- भारत
- पाकिस्तान
- श्रीलंका
- ज़िम्बाब्वे
- बांग्लादेश
- अफ़ग़ानिस्तान
- आयरलैंड

## टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले खिलाडी:

अगर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जब भी सबसे ज्यादा रन और शतकों की बात होगी, तो मास्टर ब्लास्टर के नाम से मशहूर भारतीय खिलाडी सचिन तेंदुलकर का नाम अवश्य आएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले भारत के पूर्व कप्तान **सचिन तेंदुलकर** पहले स्थान पर है। सचिन तेंदुलकर ही विश्व के एकमात्र ऐसे बल्लेबाज है, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के 100 शतक बनाए हैं। विश्व में टेस्ट मैंचो में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले सचिन तेंदुलकर सबसे आगे है। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में खेले गए अपने 200 मैंचो में 53.79 की औसत के साथ कुल 51 शतक लगाये है। उनके बाद दूसरा नंबर दक्षिण अफ्रीकी खिलाडी जैक्स कैलिस का आता है, उनके नाम टेस्ट क्रिकेट में 45 शतक है। ऑस्ट्रेलियाई खिलाडी रिकी पोंटिंग टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले खिलाडियों की सूची में तीसरे नंबर पर आते है, उनके नाम टेस्ट क्रिकेट में कुल 41 शतक है।

## टेस्ट क्रिकेट के बारे में रोचक तथ्य:

- वेस्टइंडीज के बल्लेबाज ब्रायन लारा के नाम टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने साल 2004 में इंग्लैंड के विरुद्ध 400 नाबाद रन बनाये थे, जो टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ा स्कोर है। यह टेस्ट क्रिकेट में एकमात्र चौगुना शतक भी है।
- वेस्टइंडीज के बल्लेबाज ब्रायन लारा और क्रिस गेल, ऑस्ट्रेलिया के डॉन ब्रेडमैन और भारत के **वीरेंद्र सहवाग** एक बार से अधिक 300 रन बनाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं।
- ब्रायन लारा इकलौते बल्लेबाज है, जिन्होंने दो बार 350 रन का आंकड़ा पार किया है।
- टेस्ट क्रिकेट में सबसे पहला तिहरा शतक साल 1930 में इंग्लैंड के बल्लेबाज एंडी सैंडहॅम ने वेस्टइंडीज़ के खिलाफ बनाया गया था।
- टेस्ट क्रिकेट में 10000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज सुनील गावस्कर थे।
- टेस्ट में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड न्यूज़ीलैंड के कप्तान ब्रेंडन मैकुलम के नाम है। उन्होंने क्राइस्टचर्च में खेले गए अपने आखिरी टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मात्र 54 गेंदों में 16 चौकों और 4 छक्कों की मदद से टेस्ट इतिहास का सबसे तेज शतक लगाया था।
- वीरेंद्र सहवाग टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज है, उन्होंने साल 2004 में पाकिस्तान के खिलाफ मुल्तान में 309 की पारी खेली थी।
- बांग्लादेश और ज़िम्बाब्वे को छोड़कर बाकी 12 टेस्ट क्रिकेट खेलने वाली टीमों के किसी न किसी खिलाड़ी ने तिहरा शतक लगाया है।

## टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले शीर्ष 10 बल्लेबाजों की सूची:

| **खिलाडी का नाम** | **कुल शतक** | **देश** |
|---|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | 51 | भारत |
| जैक्स कैलिस | 45 | दक्षिण अफ्रीका |
| रिकी पोंटिंग | 41 | ऑस्ट्रेलिया |
| कुमार संगकारा | 38 | श्रीलंका |
| राहुल द्रविड़ | 36 | इंडिया |
| महेला जयवर्धने | 34 | श्रीलंका |
| ब्रायन लारा | 34 | वेस्टइंडीज |
| यूनिस खान | 34 | पाकिस्तान |
| सुनील गावस्कर | 34 | भारत |
| एलिस्टेयर कुक | 32 | इंग्लैंड |